मंदिर निर्माण की राह में आ रही बाधाएं दूर होती जा रही हैं: विहिप

मथुरा, 13 जून (ए)। विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु सदाशिव कोकजे ने संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण के अधिकार की खुलकर वकालत करते हुए कहा कि जब तक समाज में असमानता है तब तक आरक्षण व्यवस्था लागू रहनी चाहिए। वह यहां वृन्दावन के संत-महात्माओं से मुलाकात करने के लिए आए हुए थे। मंगलवार शाम वृन्दावन के कृष्ण कृपा धाम में संवाददाताओं से मुलाकात में विहिप नेता ने कहा, ''जैसे-जैसे दलित वर्ग के लोगों को मौका मिलेगा, उनके बच्चे मेरिट में आने लगेंगे और वे आरक्षण को भूल जाएंगे। तब आरक्षण व्यवस्था खुद ही समाप्त हो जाएगी।'' उन्होंने कहा, ''जब तक समाज का एक तबका पिछड़ा रहेगा, तब तक आरक्षण की व्यवस्था लागू रहेगी। संविधान में इसीलिए उस तबके को बराबरी का मौका देने के लिए यह व्यवस्था लागू की गई थी।'' कोकजे ने कहा, ''आरक्षण का मुख्य कारण समाज में फैली असमानता है। हिन्दू धर्म में इस असमानता को दूर करने के लिए हमेशा से ही प्रयास होते रहे हैं। मठों, मंदिरों व आश्रमों द्वारा गरीबों को दान और उनकी मदद करने की परम्परा रही है। इसी व्यवस्था को आज संवैधानिक रूप से आरक्षण का नाम दिया गया है। इसलिए जरूरत रहने तक यह व्यवस्था लागू रहनी चाहिए। राम मंदिर के विषय पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने उम्मीद जताई कि संभव है कि अगले छह माह में अदालत का निर्णय आ जाए और जल्द ही मंदिर निर्माण प्रारंभ हो जाए। उन्होंने कहा कि निर्णय के मध्य आ रहीं तमाम बाधाएं अब दूर हो गई हैं।

वाराणसी के सतर्क एटीसी ने दो विमानों को टकराने से बचाया

वाराणसी, 13 जून (ए)। वाराणसी हवाई अड्डे के सतर्क एटीसी ने मंगलवार को दो विमानों को रनवे पर टकराने से बचा लिया। इसके बाद एक विमान कंपनी ने अपने दोनों पायलटों को फिलहाल ड्यूटी से हटा दिया है। स्पाइस जेट के प्रवक्ता ने बताया कि वाराणसी से हैदराबाद जा रहे विमान के दो पायलटों को कंपनी ने फिलहाल ड्यूटी से हटा दिया है। हवाई अड्डा सूत्रों ने बताया कि घटना उस वक्त की है जब 178 यात्रियों को लेकर इंडिगो का विमान मुंबई के लिए उड़ान भरने वाला था। एटीसी ने स्पाइसजेट के विमान को कहा था कि वह इंडिगो विमान के उड़ान भरने तक होल्डिंग प्वाइंट पर ही रहे। हालांकि स्पाइसजेट के प्रवक्ता के अनुसार, रनवे की ओर जाने के क्रम में विमान अनजाने में होल्डिंग प्वाइंट से आगे निकल गया। सूत्र ने बताया कि यह देखते हुए एटीसी ने तुरंत इंडिगो विमान को सूचित किया और उसने उड़ान टाल दी। इंडिगो ने बताया कि मामला डीजीसीए के पास चला गया है।

कचरे के ढेर के पास बैठे उप न्यायाधीश, कुछ ही घंटों में हो गई सफाई

कोच्चि, 13 जून (ए)। कोच्चि में एक बाजार में एक न्यायाधीश एक कचरे के ढेर के पास बैठ गए जिससे नगर निकाय हरकत में आया और कुछ ही घंटों में कचरे के ढेर को वहां से हटा दिया। उप न्यायाधीश एवं एर्नाकुलम जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के सचिव एएम बशीर ने तब यह सीधी कार्रवाई की जब एर्नाकुलम सब्जी एवं फल बाजार के व्यापारियों ने उन्हें सूचना दी कि वहां एक महीने से अधिक समय से कचरे का ढेर लगा है।

प्रधानमंत्री ने मैनपुरी हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक प्रकट किया

नई दिल्ली, 13 जून (ए)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में सड़क दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी ट्वीट के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा, मेरी संवेदनाएं उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में भयावह सड़क दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के साथ हैं। मैं इस दुर्घटना में घायल लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में आज तड़के सैफई-मैनपुरी राजमार्ग पर जयपुर से फर्रुखाबाद जा रही एक निजी बस डिवाइडर से टकरा जाने के बाद पलट गयी जिसमें मौके पर ही 16 यात्रियों की मौत हो गयी तथा एक यात्री ने बाद में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया और 25 अन्य यात्री घायल हो गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे में यात्रियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रूपये तथा गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिये हैं। साथ ही घायलों के इलाज की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं।

आईएस में शामिल होने की कर रहा था कोशिश, हुई 15 साल की कैद

बफ़ेलो, 13 जून (ए)। अमरीका के न्यूयॉर्क में इस्लामिक स्टेट समूह में शामिल होने की कोशिश करने के मामले में एक व्यक्ति को 15 साल कैद की सजा दी गई है। हालांकि व्यक्ति ने न्यायाधीश से कहा था कि वह सीरियाई लोगों को सिर्फ मानवीय सहायता मुहैया कराना चाहता था। अमरीका के जिला न्यायाधीश ने अराफात नागी से आज कहा कि सोशल मीडिया पर इस्लामिक स्टेट की हिंसा से संबंधित उसके पोस्ट और राइफल के साथ तस्वीर को देखकर उसके मानवीय सहायता उपलब्ध कराने के दावे पर यकीन करना कठिन है। 47 वर्षीय नागी 2012 और 2014 में तुर्की गया था और 2015 में जब उसे गिरफ्तार किया गया था तब वह एक और यात्रा की योजना बना रहा था। उसने आतंकवादी संगठन को मदद उपलब्ध कराने की कोशिश का जुर्म कबूल किया था। अभियोजकों ने कहा कि नागी के सार्वजनिक पोस्ट और उसका असलहा खरीदना उसकी इस मंशा को स्पष्ट करता है कि वह इस्लामिक स्टेट समूह के लिए लडऩा चाहता था।

ऐतिहासिक शिखर वार्ता के बाद किम ने ट्रंप को अपने देश बुलाया

सोल, 13 जून (ए)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने ऐतिहासिक सिंगापुर शिखर वार्ता के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को प्योंगयांग आने का न्यौता दिया है। इसके साथ ही किम ने अमेरिका की यात्रा करने पर भी सहमति जताई है। सरकारी केसीएनए समाचार एजेंसी ने आज कहा, ''किम जोंग उन ने ट्रंप को सुविधाजनक समय पर प्योंगयांग की यात्रा करने का निमंत्रण दिया है जबकि ट्रंप ने भी किम जोंग उन को अमेरिका आने के लिए आमंत्रित किया है। रिपोर्ट में कहा गया है, दोनों नेताओं ने खुशी-खुशी एक-दूसरे के निमंत्रण स्वीकार कर लिए है और इस बात को भी माना है कि यह डीपीआरके-अमेरिका के रिश्तों में सुधार के लिए एक और मौका देगा। डीपीआरके उत्तर कोरिया का संक्षिप्त नाम है।

मनीष सिसोदिया ने भी एलजी के दफ्तर में भूख हड़ताल शुरू की

नई दिल्ली, 13 जून (ए)। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी उपराज्यपाल अनिल बैजल के दफ्तर में आज से बेमियादी भूख हड़ताल शुरू कर दी। एक दिन पहले स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठ गए थे। अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार के मंत्रियों ने इस तरह से दूसरी रात भी उपराज्यपाल के कार्यालय में बिताई। आप सरकार की मांगों में यह भी शामिल है कि उपराज्यपाल आईएएस अधिकारियों को उनकी 'हड़ताल' समाप्त करने का निर्देश दें और उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें जिन्होंने चार महीने से काम को 'अवरुद्ध' कर रखा है।

केजरीवाल ने आज सुबह उपराज्यपाल के दफ्तर से ट्वीट किया कि यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री कार्यालय की हरी झंडी के बिना क्या आईएएस अधिकारियों का काम पर लौटना संभव है उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, क्या मोदी सरकार दिल्ली सरकार द्वारा किए जा रहे अच्छे कामों को बरबाद करने के लिए आईएएस अधिकारियों का इस्तेमाल एक औजार के तौर पर नहीं कर रही है '' उन्होंने कहा कि दिल्ली के विकास में रूकावटों को हटाने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। सिसोदिया ने भी ट्विटर पर कहा कि वह भी उपराज्यपाल दफ्तर में बेमियादी भूख हड़ताल में जैन के साथ शामिल हो गए हैं। केजरीवाल और उनके कैबिनेट सहयोगी सोमवार शाम छह बजे से उपराज्यपाल के कार्यालय में धरने की शुरूआत से ही सक्रिय हैं। सिसोदिया ने ट्वीट किया, दिल्ली की जनता को उसका हक दिलाने और उसके रुके हुए काम कराने के लिए आज से मैं भी अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ रहा हूं। सत्येंद्र जैन का अनशन भी कल से जारी है। केजरीवाल ने मंगलवार को एक वीडियो जारी किया था और कहा था कि मंत्रियों के साथ उपराज्यपाल के कार्यालय में धरने पर बैठने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था क्योंकि अनिल बैजल कई बार अनुरोध करने के बावजूद दिल्ली सरकार की मांगों पर ध्यान नहीं दे रहे थे। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली के इतिहास में यह पहली बार है जब मुख्यमंत्री और उनके कैबिनेट सहयोगियों ने अपनी मांगों को लेकर उपराज्यपाल के दफ्तर में रात गुजारी हों। दिल्ली प्रदेश भाजपा ने धरने की आलोचना करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र का मजाक है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने मंगलवार को ट्विटर पर कहा था, लोकतंत्र का मजाक बना रहे हैं। कोई काम नहीं हो रहा है सिर्फ ड्रामा हो रहा है।'' बहरहाल, आप ने कहा है कि उनकी लड़ाई जारी रहेगी और मांगे माने जाने तक वह झुकेंगे नहीं। आप सरकार के मुताबिक, अधिकारी मंत्रियों के साथ बैठक नहीं कर रहे हैं और उनके फोन कॉल नहीं उठा रहे हैं जिससे लोगों के लिए सरकार का काम प्रभावित हो रहा है। उसने कहा कि 19-20 फरवरी की दरमियानी रात को मुख्य सचिव अंशु प्रकाश पर कथित हमले के बाद अधिकारी आंशिक हड़ताल' पर चले गए थे। वीडियो संदेश में केजरीवाल ने कहा कि वह और उनके मंत्री 23 फरवरी से उपराज्यपाल से मांग कर रहे हैं कि वह आईएएस अधिकारियों को हड़ताल खत्म करने के निर्देश दें लेकिन बैजल उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

इफ्तार के जरिए पहली बार हो रही तीन तलाक पीड़ित महिलाओं का दर्द बांटने की शुरुआत

नई दिल्ली, 13 जून (ए)। मोदी सरकार में वैसे तो समाज के हर वर्ग की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम किए जा रहे हैं। लेकिन यौन उत्पीड़न, आर्थिक तंगी और तीन तलाक जैसी परेशानियों से जूझ रही महिलाओं को मोदी सरकार का काफी साथ मिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर केंद्रीय मंत्री तक महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए कोई न कोई कदम उठाते रहते हैं, ताकि वे खुद को अकेला और कमजोर ना समझें। इसी मुहिम के तहत केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी आज तीन तलाक (तलाक-ए-बिद्दत) पीड़ित महिलाओं के लिए इफ्तार का आयोजन करने जा रहे हैं।

रमजान का पाक महीना चल रहा है। ईद को अब कुछ ही दिन बचे हैं। ऐसे में नकवी तीन तलाक पीड़ित महिलाओं के लिए आज इफ्तार का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें इन महिलाओं के अलावा उनके परिवार के सदस्य भी शामिल होंगे। आज मंत्री के आवास (7 सफदरजंग रोड) पर इफ्तार का आयोजन किया गया है। सूत्र ने बताया कि इस इफ्तार के लिए करीब सौ महिलाओं को आमंत्रित किया गया है, जिनमें कई तीन तलाक पीड़ित महिलाएं भी शामिल हैं। वैसे यह पहली बार है कि सरकार के किसी मंत्री या भाजपा के किसी नेता की तरफ से विशेष तौर पर मुस्लिम महिलाओं के लिए इफ्तार का आयोजन किया जा रहा है। बता दें कि लोकसभा में तीन तलाक के संबंधित बिल को पेश करते केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा था कि ये कानून महिलाओं के अधिकार और न्याय के लिए है, किसी प्रार्थना, धर्म या धार्मिक प्रथाओं से संबंधित नहीं है। हम एक ऐसी व्यवस्था बनाना चाहते हैं जिसमें मुस्लिम समाज की महिलाएं सम्मान के साथ जिंदगी बिता सकें। इसके साथ ही इस कानून के जरिए दशकों से पीड़ित मुस्लिम महिलाओं को अधिकार देने का प्रावधान किया गया है।

पवार की राजनीति खतरनाक, सामाजिक समरसता बिगाड़ने वाली है : शिवसेना

शिवसेना

मुंबई, 13 जून (ए)। राकांपा प्रमुख शरद पवार पर तीखा हमला बोलते हुए शिवसेना ने आज कहा कि उनकी राजनीति महाराष्ट्र के लिए '' खतरनाक '' है और यह समाज में सद्भाव बिगाड़ने वाली है। शिवसेना ने कहा कि यह पूर्व मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता कि वह भीमा - कोरेगांव हिंसा में पुलिस की जांच में बाधा पैदा करें। उसने पवार से पूछा कि वह घटना की जांच पर उंगली उठाकर किसे बचाने की कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि भीमा - कोरेगांव में एक जनवरी को जातिवादी हिंसा के संबंध में पुणे पुलिस द्वारा हाल में पांच लोगों को गिरफ्तार करने के बाद पवार ने आरोप लगाया कि सरकार ' एल्गार परिषद ' बनाने के लिए कुछ '' प्रगतिशील '' लोगों को '' नक्सली '' साबित करने की कोशिश कर रही है। उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर हिंसा की हाल की घटनाओं का हवाला देते हुए शिवसेना ने आगाह किया कि महाराष्ट्र के भी सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिशें की जा रही हैं। शिवसेना ने पार्टी के मुखपत्र ' सामना ' में एक संपादकीय में कहा , '' शरद पवार की राजनीति राज्य के लिए खतरनाक है। '' अखबार में पूछा गया है कि क्या पवार , भारीपा बहुजन महासंघ नेता प्रकाश अंबेडकर और अन्यों ने भीमा - कोरेगांव हिंसा में जांच को भटकाने का जिम्मा ले लिया है।

बेटी और अपनी दूसरी पत्नी के बीच मनमुटाव से परेशान थे भय्यू महाराज!

इंदौर, 13 जून (ए)। गोली मारकर खुदकुशी करने वाले हाई प्रोफाइल आध्यात्मिक संत भय्यू महाराज अपनी पहली पत्नी के गुजरने के बाद दूसरी शादी की वजह से कथित तौर पर पारिवारिक कलह से जूझ रहे थे। लेकिन पुलिस का कहना है कि वह सनसनीखेज मामले की अलग-अलग पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्दबाजी में किसी नतीजे पर नहीं पहुंचेगी। इंदौर रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अजय शर्मा ने आज बताया, भय्यू महाराज (50) की खुदकुशी के मामले की शुरूआती जांच में पारिवारिक कलह की बात जरूर सामने आयी है। लेकिन हम इसके अलावा कुछ अन्य पहलुओं पर भी बारीकी से जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम इस मामले में जल्दबाजी में किसी नतीजे पर नहीं पहुंचेंगे। पुलिस के एक अन्य आला अधिकारी ने बताया कि इंदौर बाइपास रोड के जिस बंगले में भय्यू महाराज ने मंगलवार को रिवॉल्वर से गोली मारकर खुदकुशी की, वहां से सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के साथ आध्यात्मिक संत का मोबाइल और कुछ अन्य गैजेट जब्त किये गये हैं। इनकी जांच की जा रही है। भय्यू महाराज की पहली पत्नी माधवी की नवंबर 2015 में दिल के दौरे के कारण मौत हो गयी थी। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2017 में 49 साल की उम्र में मध्य प्रदेश के शिवपुरी की डॉ. आयुषी शर्मा के साथ दूसरी शादी की थी। भय्यू महाराज के स्थानीय आश्रम में उनके नजदीक रहे लोगों का दावा है कि आध्यात्मिक संत की पहली पत्नी की युवा बेटी कुहू और उनकी दूसरी बीवी आयुषी के बीच जरा भी नहीं बनती थी। इन लोगों की मानें, तो कुहू और आयुषी के बीच विवाद के कारण कई बार अप्रिय स्थिति भी बनी जिससे भय्यू महाराज जाहिर तौर पर तनाव में रहते थे। पुलिस ने भय्यू महाराज के घर से छोटी-सी डायरी के पन्ने पर लिखा सुसाइड नोट बरामद किया है। इसमें उन्होंने लिखा है कि वह भारी तनाव से तंग आकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर रहे हैं। राज्य सरकार ने विभिन्न चिन्हित क्षेत्रों में खासकर नर्मदा किनारे के क्षेत्रों में वृक्षारोपण, जल संरक्षण तथा स्वच्छता के विषयों पर जन जागरूकता का अभियान चलाने के लिये 31 मार्च को विशेष समिति गठित की थी। इस समिति में शामिल भय्यू महाराज समेत पांच आध्यात्मिक नेताओं को राज्यमंत्री का दर्जा प्रदान किया गया था। आध्यात्मिक नेताओं को राज्यमंत्री बनाये जाने पर विवाद सामने आने के बाद भय्यू महाराज ने घोषणा की थी कि वह नर्मदा नदी को बचाने के लिये एक आम नागरिक की तरह काम तो करेंगे, लेकिन राज्यमंत्री दर्जे का कोई भी सरकारी लाभ नहीं लेंगे। भय्यू महाराज की मौत को लेकर उठे अलग-अलग सवालों के बीच प्रदेश कांग्रेस पहले ही मांग कर चुकी है कि उनकी खुदकुशी के मामले की सीबीआई जांच करायी जाये।

कश्मीरी पंडितों को मिट्टी और परंपराओं से जोड़ेगा क्षीर भवानी मेला, दिल्ली से भी चलेंगी विशेष बसें

जम्मू, 13 जून (ए)। कश्मीरी पंडितों का प्रमुख त्योहार और सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक क्षीर भवानी मेला पंडितों को अपनी मिट्टी से जोड़ने के अलावा परंपराओं से रूबरू कराएगा। 20 जून को कश्मीर के तुलमुला में लगने वाले मेले में देश-विदेश में बसे पंडित जुटेंगे। मां क्षीर भवानी, जिन्हें मां राघेन्या भी कहा जाता है, कश्मीरी पंडितों की आराध्य देवी हैं।

मां क्षीर भवानी का मुख्य स्थान जिला गांदरबल के तुलमुला में है। जम्मू से 17 जून को पहला जत्था रवाना होगा। जम्मू-कश्मीर सरकार की ओर से भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। नगरोटा के जगटी क्षेत्र में रहने वाले विस्थापित पंडितों के लिए मेला स्थल तक निशुल्क बस सेवा मुहैया करवाई गई है। मेला क्षीर भवानी सिर्फ तुलमुला गांदरबल में ही नहीं होगा बल्कि कुपवाड़ा में टिककर, लक्षितपोरा, मटन, अनंतनाग में वेसु, मंझगाम, कुलगाम में देवसर और शोपियां के कपालमोचन में भी मनाया जाएगा। संभावना है कि पिछले वर्षो की तुलना में इस बार अधिक श्रद्धालु कश्मीर पहुंचेंगे। प्रत्येक वर्ष क्षीर भवानी यात्रा के लिए जम्मू से भी हजारों की संख्या में पंडित कश्मीर रवाना होते हैं। यही वह मौका होता है जब सालों से बिछुड़े रिश्तेदार, पड़ोसी और दोस्तों से यहां मिलते हैं। इस यात्रा के लिए पंडित कई दिन पहले ही तैयारी शुरू कर देते हैं।

जम्मू-कश्मीर सरकार ने इस बार क्षीर भवानी मेले में जाने के इच्छुक कश्मीरी विस्थापित पंडितों के लिए दिल्ली से श्रीनगर तक निशुल्क बस सेवा शुरू करने का फैसला किया है। दिल्ली से तुलमुला गांदरबल तक एयर कंडीशनड वॉल्वो बसें चलेगी।

जनता भी चाहती है मोदी के खिलाफ महागठबंधन बने: राहुल गांधी

मुंबई, 13 जून (ए)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों का महागठबंधन बने, ऐसी भावना ना केवल नेताओं की बल्कि जनता की भी है। राहुल ने कहा कि कांग्रेस इन आवाजों को एक साथ लाने की कोशिश कर रही है और काम चल रहा है। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ऐसी भावना ना केवल भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों बल्कि जनता की भी है कि महागठबंधन बने जो भाजपा, आरएसएस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला कर सके।''

राहुल ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा देश के संविधान और संस्थानों पर हमले कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि लोगों के सामने यह सवाल है कि इसे कैसे रोका जाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पेट्रोल और डीजल के दामों को माल एवं सेवाकर (जीएसटी) के दायरे में लाने के लिए कह रहा है लेकिन उनकी इसमें रुचि नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''(नोटबंदी के जरिए) मुंबई पर हमला किया गया। यहां छोटे उद्योग, कारोबारी हैं। यहां चमड़ा उद्योग और कपड़ा उद्योग है। इन पर गब्बर सिंह टैक्स के जरिए हमला किया गया। पूरा देश दुखी है। छोटे उद्यमी दुखी हैं और हम उनके लिए लड़ रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार के शासन काल में कच्चे तेल का दाम प्रति बैरल 130 डॉलर था जो अब गिरकर प्रति बैरल 70 डॉलर पर आ गया है।

अमेरिका ने भारत को अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर बेचने की मंजूरी दी

वाशिंगटन, 13 जून (ए)। अमेरिका ने भारत को 93 करोड़ डॉलर में छह एएच-64 ई अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर बेचने के सौदे को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन ने आज कहा कि इससे अंदरूनी एवं क्षेत्रीय खतरों से मुकाबले की भारत की क्षमता को मजबूती मिलेगी। अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर अपने आगे लगे सेंसर की मदद से रात में उड़ान भर सकता है। पेंटागन की डिफेंस सिक्योरिटी कोऑपरेशन एजेंसी ने इस संबंध में विदेश मंत्रालय के फैसले को लेकर कांग्रेस को सूचित किया।

अगर कोई सांसद इसका विरोध नहीं करता है तो बिक्री की प्रक्रिया आगे बढ़ने की उम्मीद है। अटैक हेलीकॉप्टर के अतिरिक्त इस अनुबंध में अग्नि नियंत्रण रडार 'हेलफायर लॉन्गबो मिसाइल' स्टिंगर ब्लॉक द्ध-92॥ मिसाइल रात में नजर रखने में सक्षम नाइट विजन सेंसर एवं जड़त्वीय नौवहन प्रणाली (इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम्स) की बिक्री भी शामिल है। कांग्रेस को भेजी गयी अपनी अधिसूचना में पेंटागन ने कहा , इससे अंदरूनी एवं क्षेत्रीय खतरों से मुकाबले की भारत की क्षमता को मजबूती मिलेगी। पेंटागन ने कहा , '' एएच -64 ई के सहयोग से जमीनी बख्तरबंद खतरों से मुकाबले भारत की रक्षा क्षमता बढ़ेगी और इसका सैन्य बल आधुनिक होगा। इसके अनुसार, उपकरणों की प्रस्तावित बिक्री एवं सहयोग से क्षेत्र में मूलभूत सैन्य संतुलन नहीं बिगड़ेगा। भारत एवं अमेरिका के बीच द्विपक्षीय रक्षा कारोबार वर्ष 2008 से करीब शून्य से 15 अरब डॉलर तक बढ़ा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, '' अगले दशक तक सैन्य आधुनिकीकरण पर भारत के अरबों खर्च करने की संभावना है और हम अमेरिकी उद्योग जगत के लिये यह मौका हासिल करने को इच्छुक हैं। ऐसी बिक्रियों से ना सिर्फ हमारे रक्षा सहयोग को समर्थन मिलेगा बल्कि इनसे देश के अंदर नौकरियां भी पैदा होंगी।